समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# PM मोदी का शुभांशु शुक्ला को स्पेशल मैसेज : 'आप 1.4 अरब भारतीयों की उम्मीदे लेकर अंतरिक्ष मे गए है'.

Publisher

Published on 25 Jun 2025



## Axiom-4 मिशन की सफलता के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने सभी अंतरिक्ष यात्रियों को दी बधाई, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के लिए भेजा खास संदेश।

**नई दिल्ली, 25 जून 2025**: भारत के लिए ऐतिहासिक क्षणों में से एक — **Axiom-4 मिशन** के तहत **भारतीय वायुसेना** के ग्रुप कैप्टन **शुभांशु शुक्ला** ने **इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन** के लिए सफलतापूर्वक उड़ान भरी। जैसे ही यह खबर देशभर में गूंजी, **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने भी इस मिशन और खासतौर पर **शुभांशु शुक्ला** के लिए एक स्पेशल मैसेज जारी किया।

**पीएम मोदी ने क्या कहा ?**
**प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X (पूर्व मे ट्विटर) पर लिखा:**
"हम भारत, हंगरी, पोलैंड और अमेरिका के अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर स्पेस मिशन के सफल लॉन्च का स्वागत करते हैं। भारतीय अंतरिक्ष यात्री, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय बनने की राह पर हैं। वे अपने साथ 1.4 बिलियन भारतीयों की इच्छाएं, उम्मीदें और आकांक्षाएं लेकर गए हैं। उनके साथ सभी अंतरिक्ष यात्रियों को सफलता की शुभकामनाएँ!"

प्रधानमंत्री के इस संदेश ने न सिर्फ देशवासियों को गर्व का एहसास कराया, बल्कि इस ऐतिहासिक मिशन को और भी खास बना दिया।

**शुभांशु शुक्ला और एक्सिओम-4 मिशन**

**Axiom Space** द्वारा आयोजित इस मिशन में चार अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं, जिनमें भारत के **शुभांशु शुक्ला** के साथ **हंगरी, पोलैंड** और **अमेरिका** के यात्री भी हैं।
**25 जून 2025** को दोपहर **12:01 बजे (IST)**, **NASA** के **कैनेडी स्पेस सेंटर** से यह मिशन **फाल्कन-9 रॉकेट** के ज़रिए लॉन्च हुआ।

नासा ने भी अपने आधिकारिक ‘**X**’ हैंडल पर अपडेट देते हुए लिखा:
“हमने एक्सिओम मिशन 4 की उड़ान भरी है। लॉन्च कॉम्प्लेक्स 39A से चार अंतरिक्ष यात्री 14 दिन के मिशन के लिए रवाना हुए हैं।”

**शुभांशु की ऐतिहासिक उपलब्धि**
**शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन** पर जाने वाले भारत के पहले निजी **मिशन अंतरिक्ष** यात्री बन चुके हैं। वे वहां कई वैज्ञानिक प्रयोग करेंगे, जिनमें **भारतीय डिजाइन** और तकनीक पर आधारित रिसर्च भी शामिल है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.